राज्य स्तरीय एच.एम.आई.एस./एम.सी.टी.एस. समीक्षा एवं प्रशिक्षण (चतुर्थ बैच)

दिनॉकः 29 से 31 दिसम्बर 2014

राज्य स्तरीय एच0एम0आई0एस0/एम0सी0टी0एस0 समीक्षा एवं प्रशिक्षण द्वितीय बैच मण्डल आगरा, अलीगढ़ एवं कानपुर का प्रारम्भ किया गया। समीक्षा एवं प्रशिक्षण में उक्त मण्डलों से मण्डलीय परियोजना प्रबंधक, मण्डलीय लेखा प्रबंधक, मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में तैनात सहायक शोध अधिकारी, जनपदों से जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला डाटा प्रबंधक, जिला सहायक शोध अधिकारी, जिला एच0एम0आई0एस0 ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण एवं समीक्षा में निम्न मण्डलो के 12 जनपदों के प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

S.No	Division	S.No	District
1	Gorakhpur	1	Deoria
		2	Gorakhpur
		3	Kushinagar
		4	Maharajganj
2	Basti	5	Basti
		6	Sant Kabir Nagar
		7	Siddharthnagar
		8	Basti
3	Devi Patan	9	Bahraich
		10	Balrampur
		11	Gonda
		12	Shrawasti

पंजीकरण के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशिक्षण फोल्डर प्रदान किया गया जिसमें पेन, पैड, प्रशिक्षण प्रजेण्टेशन की सी0डी0, एच0एम0आई0एस0 बुलेटिन, विभिन्न स्तर के एच0एम0आई0एस0 फार्मेट (हिन्दी एवं अंग्रेजी) उपलब्ध थे। प्रारम्भ में एन0एच0एम0 के महाप्रबंधक (एम0आई0एस0/एम0सी0टी0एस0) डा0 वेद प्रकाश द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु स्वागत किया गया। महाप्रबंधक द्वारा एच0एम0आई0एस0/एम0सी0टी0एस0 समीक्षा एवं प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से आई हुई प्रतिनिधि सुश्री गुरसिमरन द्वारा एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट एवं किये जाने वाले सुधारों पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से चर्चा की गई। प्रस्तुतिकरण के मूल अंश निम्न हैं:–

Important steps to follow for Smooth and Effective Functioning of HMIS

- Rationalization of HMIS Facility Master
- Complete and Correct hierarchy from State to Facility Level .
- Correct information for all the attributes of facility.

Mapping of Urban Facilities

- All facilities (excluding DH) of the towns having more than 50,000 population should be mapped as “urban” on HMIS portal.
- list of towns alongwith their categories (Census town, municipality, gram panchayat, township, municipal council etc.) and population is given in census website (www.censusindia.gov.in).

Completion of Latitude- Longitude and Bed Count

- Agra, Aligarh, Kanpur, Meerut and Moradabad have not entered the Latitude and Longitude for any of the Facilities.
- In Bed Count Agra entered for 1 facilities and Meerut entered for 5 facilities.

Timely Data entry in Annual Infrastructure Format

Timely Data entry in monthly module

- Regular Data forwarding from Sub district
- Monthly Data entered from Sub district users should be forwarded to district level . Before forwarding the data sub district user need to look into entered data
- Regular Data Compilation after ensuring the data quality at District Level
- District Users need to monitor the entered monthly data **with live reports/Standard Reports** before compiling the data.
- If there is any discrepancies district need to coordinate with sub district for **correction**.
- Compile the data **regularly** for generating Monthly Consolidated .
- Readymade HMIS tools to assess Data Quantity and Quality

- Different live Reports/Standard Reports are available to monitor the performance for individual indicators from State to Facility Level.

Standard Reports are now available in Public domain.

Major Abnormalities highlighted during workshop

- NIL Reporting in an Intervention during complete Financial Year.
- Huge Decrease in progress in comparison to performance of last year.
- Presence of Outliers and validations and drill down the outliers upto facility level.
- Usage of MIN MAX and Range Report.

Freezing of data For Financial 2013-14

HMIS data in PIP - HMIS data is used in to Programme Implementation Plan therefore the quality of data is more concern.

तत्पश्चात एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध ऑकडों की समीक्षा प्रारम्भ की गईं। डाटा एनालिस्ट श्री एस0पी0जायसवाल द्वारा जनपदवार एच0एम0आई0एस0 मासिक रिपोर्ट में निम्न बिन्दुओं पर माह अक्टूबर 2015 तक उपलब्ध ऑकडों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

Data item

Provisional Figures for - 2014-2015 & 2013-2014

Status As On: 14NOV2014

M1 [Ante Natal Care Services ANC]	1.1	Total number of pregnant women Registered for ANC
	1.1.1	Of which Number registered within first trimester (within 12 weeks)
	1.2	Number of Pregnant women registered under JSY
	1.4.1	Number of pregnant women given TT1 during current pregnancy
	1.5	Total number of pregnant women given 100 IFA tablets
M2 [Deliveries]	2.1.1.c	Total number of deliveries conducted at Home and attended by trained or non-trained SBA (i.e. sum of 2.1.1.a and 2.1.1.b)
	2.2	Deliveries conducted at Public Institutions (Including C-Sections)
	2.2.1	Out of 2.2, Number discharged under 48 hours of delivery
	2.2.2.a	Number of mothers paid JSY Incentive for deliveries conducted at Public Institutions
M4 [Pregnancy outcome & weight of new-born]	4.1.1.c	Total number of male and female live births (4.1.1.a and 4.1.1.b)
	4.1.2	Number of still births
	4.2.1	Number of Newborns weighed at birth
	4.3	Number of Newborns breast fed within 1 hour of birth
M9 [Family Planning]	9.11.1.a	Number of cases of complications following male sterilization
	9.11.1.b	Number of cases of complications following female sterilization
	9.11.2.a	Number of failures following male sterilization
	9.11.2.b	Number of failures following female sterilization
	9.11.3.a	Number of deaths following male sterilization
	9.11.3.b	Number of deaths following female sterilization
M10 [CHILD IMMUNIZATION]	10.1.01	Number of Infants (0 to 11 months old)received BCG immunisation
	10.1.12	Number of Infants (0 to 11 months old) received Measles immunisation (First Dose)
	10.1.13.c	Total number of children (9 to 11 months old) fully immunised (BCG+DPT123/Pentavalent123+OPV123+Measles) during the month (sum of items 10.1.13.a and 10.1.13.b)
M14 [Patient Services]	14.12.1	OPD attendance (All)

	14.13.1	Number of major operations carried out using general or spinal anaesthesia
	14.13.1A	Out of 14.13.1,Gynecology- Hysterectomy surgeries
	14.13.2	Number of minor operations carried out without anaesthesia or using local anaesthesia
	14.14.a	Number of patients given AYUSH treatment
	14.14.b	Number of patients on whom Dental Procedure was conducted

उपरोक्त बिन्दुओं में पोर्टल पर ऑकडों में भिन्नता निम्न जनपदों में पाई गई जिसे भविष्य में सुधारने के निर्देश दिये गये।

<u>डाटा क्वालिटी आडिटः</u> सिफ्सा के श्री कौशल सिंह बिष्ट एवं श्री उमेश चन्द्र पन्त द्वारा इस सत्र में एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध ऑकड़ों के प्रवाह, उनकी गुणवत्ता, ऑकड़ों का स्रोत, रिकार्ड का रखरखाव पर प्रदेश के पॉच जनपदों यथा बस्ती, वाराणसी, अलीगढ़, मुरादाबाद एवं सहारनपुर में 51 इकाईयॉ प्रति जनपद कुल 255 इकाईयों पर किये गये अध्ययन के अनुभवों पर प्रकाश डाला गया। सत्र में निम्न बिन्दुओं पर अनुभवों का आदान प्रदान किया गया –

1. एच0एम0आई0एस0 उपकेन्द्र रिपोर्टिंग फार्मेट जो प्रत्येक माह ए0एन0एम0 भर कर ब्लाक इकाई पर जमा करती है, को न तो किसी के द्वारा देखा जा रहा है और न ही विश्लेषण किया जा रहा है।
2. स्वास्थ्य इकाईयों यथा सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 में कार्यरत स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन एवं अन्य को एच0एम0आई0एस0 फार्मेट की जानकारी नही थी।
3. फैसीलिटी उपकेन्द्र है या ए0एन0एम0 है, स्पष्ट नही है।
4. एम0आई0एस0 रिपोर्ट को मोबाईल, लैण्डलाईन, ई मेल से ऑकडे मंगाकर पूर्ण किया जा रहा है।
5. हीमोग्लोबिन की जॉच किन किन इकाईयों पर हो रही हैं। उपकेन्द्र पर जॉच नहीं हो रही है।
6. प्रसव का अंकन फैसिलिटीवार भी हो रहा है और क्षेत्रवार भी हो रहा है।
7. जितने प्रसव हो रहे है उसके सापेक्ष पुरूष और महिला शिशुओं की संख्या में कई इकाईयों में अन्तर पाया गया।
8. अधिकांश इकाईयों पर नवजात शिशु का जन्म 2.5 किलोग्राम पाया गया। वजन नही किया जा रहा है।
9. ए0एन0एम0 से परिवार कल्याण सामग्री की रिपोर्ट ली जा रही है जबकि परिवार कल्याण सामग्री निरोध, ओरल पिल्स आदि आशा को ब्लाक इकाई से सीधे वितरित की जा रही है। आशा द्वारा

रिपोर्ट ब्लाक इकाई को सीधे दिया जा रहा है। ब्लाक इकाई सीधे पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड की जा रही है।

10. ब्लाक प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा तिथिवार, ए0एन0एम0 वार बुधवार एवं शनिवार टीका वितरण एवं टीकाकरण रिपोर्ट रजिस्टर पर तैयार किया जाता है। ब्लाक डाटा ऑपरेटर द्वारा कम्पयूटर पर प्रतिरक्षण रिपोर्ट तैयार नही की जा रही हैं
11. विटामिन ए की रिपोर्ट डोज 1, 5, 9 ए0एन0एम0 द्वारा क्षेत्रवार दी जाती है। किन्तु एम0आई0एस0 रिपोर्ट में फैसिलिटी सी0एच0सी0 पर सीधे चढ़ा दी जा रही है।
12. स्वास्थ्य इकाईयों पर आई0वी0 एण्टी बायोटिक, एण्टीहायपरटेंसिव, मैगसल्फ इंजेक्शन, आक्सीटोसीन उपलब्ध एवं उपयोग भी किया जा रहा हैं, किन्तु एम0आई0एस0 रिपोर्ट में संख्या अंकित नही की जा रही है।
13. एन0एस0वी0 प्रशिक्षित चिकित्सकों को तैनाती नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर दर्शायी जा रही है।
14. प्रतिरक्षण सत्र नियोजित और आयोजित स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर दर्शाया गया है और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भी दर्शाया गया हैं
15. ब्लाक स्वास्थ्य इकाईयों पर एश्योर्ड एम्बूलेंस सेवा संबंधी ऑकड़े उपलब्ध नही है जबकि सेवाये दी जा रही है।
16. डेण्टल प्रोसीजर अधिकांश इकाईयों पर नहीं हो रहे हैं, जबकि डेण्टल ओ0पी0डी0 के ऑकड़े डेण्टल प्रोसीजर पर चढ़ाये जा रहे हैं।
17. किशोर–किशोरियों को परामर्श सेवायें दी नही जा रही किन्तु ऑकड़े रिपोर्ट में सी0एच0सी0 पर चढाए जा रहे हैं।
18. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लैब में टेस्ट किये जा रहे हैं किन्तु ऑकड़े मासिक रिपोर्ट में परिलक्षित नही हो रहे है।
19. ओ0पी0डी0 में नये मरीजों की संख्या दर्शायी जा रही है, किन्तु पुराने मरीजों को दवा देने के बावजूद ऑकडे ओ0पी0डी0 संख्या में शामिल नही किये जा रहे है।
20. आयुष विधा की दवायें देखने को नही मिली किन्तु ओ0पी0डी0 संख्या में भारी वृद्वि हो रही है।

255 इकाईयों के ऑकडों में भिन्नता निम्न विवरणानुसार देखने को मिली।







- ए0एन0एम0 को एम0आई0एस0 फार्मेट के समस्त डाटा एलीमेंट की जानकारी प्रशिक्षण देकर बढाई जा सकती है।

- ए0एन0एम0 को प्रत्येक माह रिपोर्टिंग हेतु एम0आई0एस0 फार्मेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिससे समय पर रिपोर्टिंग हो सके।
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र की भरी मासिक रिपोर्ट की समीक्षा कर ए0एन0एम0 और ए0आर0ओ0 के हस्ताक्षर अवश्य कराये जायें जिससे रिपोर्ट के ऑकड़ों की पुष्टि ठीक से हो सके।
- समस्त ए0आर0ओ0 की कम्प्यूटर दक्षता बढ़ाई जानी चाहिए।
- बी0पी0एम0यू0 में तैनात स्टाफ को एच0एच0आई0एस0 पोर्टल की जानकारी दी जानी चाहिए जिससे संबंधितों की दक्षता बढाई जा सके।

<u>टेक्निकल सपोर्ट यूनिट उत्तर प्रदेश के द्वारा एच.एम.आई.एस./एम.सी.टी.एस. की गुणवत्ता में सुधारात्मक कार्य के लिए निम्नानुसार विषयों पर सत्र लिया गया।</u>

1. **एच.एम.आई.एस. बुलेटिन :** टी.एस.यू. टीम द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर समीक्षा के लिए एच.एम. आई.एस. बुलेटिन तैयार किया गया है जिसमें एच.एम.आई.एस. के मातृ, शिशु, बाल एवं प्रजनन स्वास्थ्य के मुख्य इंडीकेटर्स को सम्मिलित करके विश्लेषण किया गया जिसका प्रयोग राज्य/जिला/ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम समीक्षा के लिए किया जाना है। टी.एस.यू. टीम द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से जनपदवार HMIS बुलेटिन को प्रदर्शित किया गया एवं इसके आधार पर ब्लॉकवार मुख्य कार्यक्रमों के गैप को प्रतिभागियों से शेयर कर विस्तृत चर्चा भी की गई तथा एच.एम. आई.एस. बुलेटिन को अपडेट कर मण्डलीय स्तर के प्रशिक्षण में समीक्षा के लिए प्रयोग किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। Handholding सत्र के दौरान एच.एम.आई.एस. बुलेटिन को तैयार करने के लिए टी.एस.यू. टीम द्वारा बनाये गये टूल पर चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों द्वारा इसको अपडेट करने के तरीके पर भी चर्चा की गई।
2. **एच.एम.आई.एस. डैशबोर्ड :** भारत सरकार द्वारा RMNCH+A कार्यक्रम की समीक्षा HMIS डैशबोर्ड पर किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। राज्य स्तर पर यह कार्य टी.एस.यू. के द्वारा किया जाता है परन्तु टी.एस.यू. द्वारा समस्त 75 जनपदों के लिए टूल तैयार किया गया है। उक्त टूल एवं इसके बनाने की विधि पर प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया एवं उक्त टूल को प्रतिभागियों को शेयर भी किया गया।

HMIS बुलेटिन, डैशबोर्ड, सुक्षेमा एच.एम.आई.एस. एनालिसिस सॉफ्टवेयर, वेलिडेशन एवं Supportive Supervision Checklist के समस्त टूल को टी.एस.यू. टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को CD के माध्यम से वितरित किया गया ताकि उनके द्वारा भविष्य में मासिक आधार पर इनका प्रयोग किया जा सके।

द्वितीय दिवसः सर्वप्रथम प्रथम दिवस के विषयों का रि–कैप सत्र किया गया। तत्पश्चात एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध ऑकडों की मण्डलवार, जनपदवार समीक्षा प्रारम्भ की गई।

समस्त प्रस्तुतिकरण दिनॉक 02 दिसम्बर 2014 (नवम्बर माह तक) के पोर्टल पर उपलब्ध ऑकडों पर आधारित तैयार किये गये थे। श्री आशीष मौर्या, डाटा एनालिस्ट द्वारा समीक्षा निम्न बिन्दुवार की गई।

गर्भवती माता के पंजीकरण की स्थिति :– गोरखपुर मण्डल, बस्ती मण्डल एवं देवीपाटन मण्डल के सभी जनपदों में गर्भवती माताओं के वार्षिक लक्ष्य, गर्भवती माताओं का पंजीकरण, पंजीकरण प्रतिशत एवं प्रदेश में उनकी स्थिति पर चर्चा निम्न विवरणानुसार की गई।

Division	District Name	Mother Yearly Target	Mother Target till Nov-14	Mother registered as on 2-Dec-2014	Mother Registration %	Position in Mother Registration
Gorakhpur	Deoria	99585	66390	34,066	**51.31**	49
	Gorakhpur	142575	95050	55,148	**58.02**	31
	Kushinagar	114440	76293	42,973	**56.33**	37
	Mahrajganj	85658	57106	39,016	**68.32**	12
Basti	Basti	79095	52730	34,833	**66.06**	19
	Sant Kabir Nagar	55095	36730	26,963	**73.41**	1
	Siddharthnagar	82066	54711	30,101	**55.02**	39
Devi Patan	Bahraich	111786	74524	38,946	**52.26**	47
	Balrampur	69068	46045	30,020	**65.20**	20
	Gonda	110279	73520	52,790	**71.80**	4
	Shrawasti	35822	23881	16,685	**69.87**	9
Uttar Pradesh					**54.56%**	

गर्भवती माता के रजिस्ट्रेशन के कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने से जुडे बिन्दुओं पर चर्चा की गयी एवं जनपद की माहवार स्थिति को जानने के लिये एम.सी.टी.एस पोर्टल पर Scheduled Report सेक्शन की R. District wise month wise data entry रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई। गर्भवती माता के राज्य

पंजीकरण औसत 54.56 प्रतिशत से कम पंजीकरण की स्थिति पर जनपद देवारिया एवं बहराईच को माह फरवरी 2015 तक सुधार करने के निर्देश दिये गये।

बच्चो का पंजीकरण :– ततपश्चात शिशुओं के जनपदवार लक्ष्य एवं पंजीकरण की स्थिति एवं प्रतिशत पर चर्चा की गई। जनपदवार विवरण निम्न है।

District Name	Child Yearly Target	Child Target till Nov-14	Child Registered as on 2-Dec-2014	Child Registration %	Position in Child Registration
Deoria	85735	57156	26129	**45.71**	35
Gorakhpur	122745	81830	44835	**54.79**	17
Kushinagar	98523	65682	27406	**41.73**	38
Mahrajganj	73745	49163	26877	**54.67**	18
Basti	68092	45395	25252	**55.63**	16
Sant Kabir Nagar	47432	31621	18288	**57.83**	13
Siddharthnagar	70652	47101	15582	**33.08**	58
Bahraich	96238	64159	19545	**30.46**	64
Balrampur	59461	39641	19962	**50.36**	27
Gonda	94941	63294	39528	**62.45**	6
Shrawasti	30840	20560	7479	**36.38**	50
			Uttar Pradesh	**43.80%**	

शिशुओं के पंजीकरण को पोर्टल पर शत प्रतिशत करने के लिए आ रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही समस्त प्रतिभागियों को जनपदवार माहवार अपने जनपद की स्थिति को जानने के लिए पोर्टल के Scheduled Report सेक्शन की R. District wise month wise data entry रिपोर्ट को प्रदर्शित कर जानकारी दी गई। शिशुओं के राज्य पंजीकरण औसत 43.80 प्रतिशत से कम पंजीकरण की स्थिति पर जनपद कुशी नगर, सिद्वार्थ नगर, बहराईच एवं श्रावस्ती को माह फरवरी 2015 तक सुधार करने के निर्देश दिये गये।

गर्भवती माता के अनुसरण हेतु उनकी 4 ए.एन.सी सेवाओं एवं डिलीवरी स्थिति :– समीक्षा में जिलेवार गर्भवती माताओ के रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष दी जाने वाली 4 ए.एन.सी. सेंवाओ एवं टी0टी0 तथा आई.एफ.ए. टैबलेट की स्थिति पर चर्चा की गयी जो की निम्न है।

District Name	Mother registered as on 2-Dec-2014	Any three ANCs	Any three ANC%	All ANCs	All ANCs %	Total Deliveries Reported	Delivery Due But Not Reported
Deoria	34,066	1250	3.67	114	0.33	283	16,492
Gorakhpur	55,148	353	0.64	12	0.02	450	28,673
Kushinagar	42,973	2484	5.78	0	0.00	2,731	22,962
Mahrajganj	39,016	2979	7.64	272	0.70	1,593	16,625
Basti	34,833	3607	10.36	605	1.74	966	16,743
Sant Kabir Nagar	26,963	398	1.48	25	0.09	323	13,553
Siddharthnagar	30,101	1118	3.71	170	0.56	333	17,060
Bahraich	38,946	4814	12.36	704	1.81	390	20,423
Balrampur	30,020	1535	5.11	154	0.51	63	14,998
Gonda	52,790	1248	2.36	12	0.02	64	22,818
Shrawasti	16,685	1126	6.75	60	0.36	1,240	8,878
Uttar Pradesh			**7.16%**		**1.23%**		

गर्भवती माताओं हेतु चार ए.एन.सी. सेवाओं, टी0टी0, आयरन की गोली एवं कराये गये प्रसव की स्थिति पर चर्चा की गई। जनपदवार उक्त रिपोर्ट को पोर्टल पर देखने हेतु जनपद स्तर, ब्लाक स्तर, उपकेन्द्र स्तर के Dashboard को प्रदर्शित किया गया। साथ ही पोर्टल पर Dashboard सेक्शन की D. Mother Factsheet रिपोर्ट एवं B. Mother Service Details के ग्राफ का लाईव प्रदर्शन किया गया।

सभी जनपदों को निर्देशित किया गया कि माह फरवरी 2015 तक प्रसव पूर्व सेवा, प्रसव की सूचना एम0सी0टी0एस0 रजिस्टर में आशाओं के माध्यम से दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इस हेतु प्रत्येक ए0एन0एम0 को प्रत्येक टीकाकरण दिवस पर गॉव में पंजीकृत गर्भवती माताओं, दूध पिलाने वाली माताओं, प्रसूता माताओं द्वारा ली गई सेवाओं का विवरण एम0सी0टी0एस0 रजिस्टर में दर्ज कराने के निर्देश जनपद स्तर से दिये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही गॉव में टीकाकरण सेवा प्राप्त किये शिशुओं की जानकारी भी सत्र के उपरान्त आशाओं के साथ गृह भ्रमण कर प्राप्त कर एम0सी0टी0एस0 रजिस्टर में दर्ज कराने के निर्देश दिये गये।

बच्चो के अनुसरण हेतु उनके टीकाकरण एवं पूर्ण प्रतिरक्षण की स्थिति :– समीक्षा में जिलेवार बच्चो के रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष उनको दिये गये टीकाकरण एवं जिलो में पूर्ण प्रतिरक्षण की स्थिति पर चर्चा की गयी। विवरण निम्न है।

Division	District	Child Registered as on 2-Dec-2014	Fully Immunized	Fully Immunized%
Gorakhpur	Deoria	26129	165	0.63
	Gorakhpur	44835	6	0.01
	Kushinagar	27406	50	0.18
	Mahrajganj	26877	84	0.31
Basti	Basti	25252	203	0.80
	Sant Kabir Nagar	18288	8	0.04
	Siddharthnagar	15582	3	0.02
Devi Patan	Bahraich	19545	73	0.37
	Balrampur	19962	2	0.01
	Gonda	39528	1	0.00
	Shrawasti	7479	13	0.17
			Uttar Pradesh	**0.32%**

जनपदवार पूर्ण प्रतिरक्षित शिशुओं की सूचना का प्रदर्शन किया गया। जनपद, ब्लाक एवं उपकेन्द्र स्तर की पूर्ण प्रतिरक्षित शिशुओं की स्थिति को पोर्टल पर Dashboard सेक्शन से जानने के लिये I. Child Factsheet रिपोर्ट एवं ग्राफ के रूप में देखने के लिए Dashboard सेक्शन की G. Infant Service Details रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई एवं लाईव रिपोर्ट दिखाई गई।

सभी जनपदों को यथाशीध्र ए0एन0एम0 आशा के माध्यम से टीकाकरण सत्रवार एम0सी0टी0एस0 रजिस्टर को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये गर्भवती माता के खून की जॉच एवं बच्चो का जन्म के समय सही वजन की स्थिति :–जनपदवार गर्भवती माता के खून की जॉच एवं बच्चो के जन्म के समय वजन की स्थिति को दर्शा कर चर्चा की गयी।

Division	District	Mothers with Anemia Severe<7	Mothers with Anemia Moderate<11	Mothers With Complications	Mothers who delivered Child weighing<2.5 kg
Gorakhpur	**Deoria**	28	186	190	0
	Gorakhpur	6	283	71	18
	Kushinagar	8	312	12	62
	Mahrajganj	14	22,694	20	34
Basti	**Basti**	100	918	234	7
	Sant Kabir Nagar	76	2,269	81	12
	Siddharthnagar	7	42	239	0
Devi Patan	**Bahraich**	216	949	753	10
	Balrampur	247	2,941	3	0
	Gonda	532	665	715	3
	Shrawasti	225	849	297	50
Uttar Pradesh		**0.27%**	**5.05%**	**0.47%**	**0.06%**

प्रत्येक जनपद में 7 ग्राम हीमोग्लोबिन से कम एवं 11 ग्राम हीमोग्लोबिन से कम की जॉच की स्थिति, जटिल प्रसव वाली महिलाओं एवं चिकित्सालय में जन्में शिशुओं के वजन ढाई किलो से कम की स्थिति पर चर्चा की गई। सभी जिलों को अधिक से अधिक प्रसवपूर्व जॉच चिकित्सालयों में कराने एवं हीमोग्लोबिन की जॉच पैथालॉजी में कराने के निर्देश दिये गये। जन्म के बाद नवजात शिशु का वजन करने एवं रिकार्ड एम0सी0टी0एस0 रजिस्टर में दर्ज कराने हेतु कार्यवाही जनपदों से किये जाने की अपेक्षा की गई। 7 ग्राम हीमोग्लोबिन से कम की हाईरिस्क प्रेगनेन्सीज की विशेष ट्रैकिंग किये जाने की अपेक्षा की गई। उपरोक्त बिन्दुओं की रिपोर्ट पोर्टल पर प्राप्त करने की जानकारी दी गई एवं पोर्टल पर Scheduled Reports सेक्शन की S. Facility wise mother and child count रिपोर्ट का लाईव प्रदर्शन किया गया। साथ ही उपरोक्त जनपदो के कठिन प्रसवों की स्थिति एवं ढाई किलो से कम वजन के शिशुओं की जानकारी को पोर्टल के Reports सेक्शन की P. Facility wise tracking of High Risk Pregnant Women रिपोर्ट एवं R. Facility wise tracking of Low Weight Children की जानकारी दी गई एवं लाईव डेमो कर दिखाया गया। सभी जनपदों को उक्त बिन्दुओं की रिपोर्ट में आवश्यक सुधार माह फरवरी 2015 तक किये जाने के निर्देश दिये गये।

ब्लाक स्तर पर पंजीकरण, अपडेशन की स्थिति, वर्कप्लान का सृजन, वार्षिक कार्यभार (ELA), USSD सेवा की स्थिति एवं रिपोर्ट न करने वाले उपकेन्द्र तथा जनपदवार मास्टर डाटा की स्थिति :– उक्त समस्त बिन्दुओं पर चर्चा की गई। चर्चा के बिन्दुओं का विवरण निम्न है।

District	Total Subcenter (As Per MCTS portal)	Sub Center Not reported (in Nov 2014)	ANM Numbers Register for USSD Services	ANM Numbers Locked for USSD Service	ELA Receiving Status (Block Wise)
Deoria	326	144	198	4	**Received**
Gorakhpur	582	219	0	0	**Not Received**
Kushinagar	360	49	52	0	**Received**
Mahrajganj	319	128	99	12	**Received**
Basti	317	130	161	0	**Received**
Sant Kabir Nagar	222	61	0	0	**Not Received**
Siddharthnagar	313	185	107	28	**Not Received**
Bahraich	315	148	254	2	**Received**
Balrampur	219	63	165	1	**Received**
Gonda	345	87	172	0	**Not Received**
Shrawasti	162	61	0	0	**Received**
Uttar Pradesh				**8.00%**	

जनपद गोरखपुर, सन्त कबीर नगर, सिद्वार्थ नगर, गोण्डा के जिला कार्यक्रम प्रबंधकों को 31 जनवरी 2015 तक उनके ब्लाकवार ELA, एस0पी0एम0यू0 के एम0सी0टी0एस0 सेल को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जनपदवार ब्लाकवार विगत 30 दिनो के रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन के कार्य की स्थिति पर चर्चा की गई। एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर से उपलब्ध डाटा अपलोड कराने के निर्देश दिये गये। ब्लाकवार स्थिति का नियमित रूप से अवलोकन करने के लिए Scheduled Reports सेक्शन की J. District wise daily data entry/Cast-wise count रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी प्रतिभागियों को ऑनलाईन डाटा दिखाया गया। ब्लाक लेवल पर अपडेशन की स्थिति में सुधार के लिये सभी ब्लाक पर नियमित रूप से वर्कप्लान निकालकर, कार्य कराकर लाभार्थीवार सेवाओ को अपडेट करने की जानकारी Workplan सेक्शन की H. Facility wise work plan (For Mother and For Child) को दर्शाकर प्रदर्शित किया गया। ए.एन.एम. द्वारा मोबाईल पर USSD सेवा का उपयोग करने संबंधी जानकारी दी गई एवं पोर्टल पर सेवाओ को दर्ज करने के विषय में जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियो को निर्देशित किया गया कि अतिशीध्र अपने जनपद के ब्लाक में USSD सेवा के माध्यम से ए0एन0एम0 द्वारा दी गई सेवाओं को अपडेट कराने की कार्यवाही करने के

निर्देश दिये गये। बारी बारी से समस्त प्रतिभागियों से जनपद के मास्टर डेटा पर चर्चा की गई। मास्टर डेटा संबंधी त्रुटियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं साफ्ट कॉपी के रूप में एम0सी0टी0एस0 सेल में दिनॉक 31 जनवरी 2015 तक भेजकर भारत सरकार स्तर से ठीक कराने के निर्देश दिये गये। प्रत्येक जनपद में मास्टर डेटा एवं ऐसे उपकेन्द्र जो सेवायें नही प्रदान कर रहे है पर चर्चा की गई। पोर्टल से ऐसे उपकेन्द्रों की सूचना को पोर्टल के Scheduled Reports सेक्शन की L. District wise Facilities Not Entering Data रिपोर्ट का लाईव प्रदर्शन कर प्रदर्शित किया गया।

समीक्षा के दौरान जनपदों द्वारा निम्न दिक्कतों से राज्य स्तरीय टीम को अवगत कराया। ये दिक्कतें निम्न हैं।

- शहरी जनसंख्या अधिक होने के कारण महानगर वाले जनपद प्रसव पूर्व पंजीकरण एवं नवजात शिशु पंजीकरण में हमेशा औसत से पीछे हो जाते है।
- जनपद मुख्यालय से अत्यधिक दूरी पर स्थित रिमोट ब्लाकों में इण्टरनेट क्नेक्टिविटी की दिक्कत का बने रहना।
- एजेन्सी के माध्यम से कम्पयूटर ऑपरेटर की अच्छी गुणवत्ता का न होना एवं एजेन्सी द्वारा अत्यधिक कम मानदेय का दिया जाना।
- एजेंसी के माध्यम से प्रभावशाली लोगों की पहुॅच वाले बी0पी0एम0/ऑपरेटरों के चयन होने के कारण खराब प्रदर्शन करने वालों पर कार्यवाही न हो पाना।
- ब्लाक स्तर पर कार्यरत ब्लाक डेटा असिस्टेण्ट जो पूर्व में डाटा एवं लेखा का कार्य देखते थे को नई व्यवस्था के तहत केवल वित्तीय कार्य देख रहे है जिससे ब्लाक पर डाटा का कार्य प्रभावित हो रहा है।
- अच्दी कनेक्टिविटी न होने के कारण पोर्टल का बार–बार लॉग–आउट होना।
- अधिकांश ए0एन0एम0 द्वारा एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर चढ़ाने हेतु पूरा डाटा न दिया जाना।
- ब्लाक कार्यक्रम प्रबधंकों को एम0सी0टी0एस0 पोर्टल की स्पष्ट जानकारी का न होना एवं उनके कार्यो का स्पष्ट निर्धारण न होना।

एम0सी0टी0एस0 डाटा क्वालिटी ऑडिट : भोजनावकाश के बाद इस सत्र में सिफ्सा के श्री कौशल सिंह बिष्ट एवं श्री उमेश चन्द्र पन्त द्वारा इस सत्र में एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध ऑकड़ों पर प्रदेश के पॉच जनपदों यथा बस्ती, वाराणसी, अलीगढ़, मुरादाबाद एवं सहारनपुर में 51 इकाईयॉ प्रति जनपद कुल 255 इकाईयों पर किये गये अध्ययन के अनुभवों पर प्रकाश डाला गया। सत्र में निम्न बिन्दुओं पर अनुभवों का आदान प्रदान किया गया।

1. ए0एन0एम0 के स्तर से एम0सी0टी0एस0 से संबंधित डाटा, डाटा ऑपरेटर को कई रूपों यथा नया फार्मेट, ए0एन0सी0 लिस्ट, एम0सी0टी0एस0 रजिस्टर, में एक दो सेवाओं को भरकर दिया जा रहा है। लाभार्थियों की सूचना मानक अनुसार पूर्ण नही दी जा रही है।
2. ए0एन0एम0 को अभी भी पंजीकृत ए0एन0सी0 एवं नवजात शिशु को दिये गये आई0डी0 (अट्ठारह अंको) की स्पष्ट जानकारी नही है।
3. ए0एन0एम0 को प्रतिमाह कार्ययोजना निकालकर नही दी जा रही है। एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर को कागज, प्रिण्टर हेतु कार्ट्रेज ब्लाक स्तर पर नही मिल रहा है।

4. ब्लाक स्तर पर कोई भी अधिकारी यथा प्रभारी चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, सहायक शोध अधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, सुपरवाईजरी अधिकारी एल0एच0वी0 द्वारा न तो साप्ताहिक समीक्षा और न ही मासिक समीक्षा की जा रही है।
5. पॉच जनपदों में एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर को एम0सी0टी0एस0 के काम के अतिरिक्त अन्य कामों में लगाया गया हैं।
6. एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर के स्तर पर "मोडिफिकेशन एवं अपडेशन" के तमाम बिन्दु पाये गये।
7. जो सूचनायें ए0एन0एम0 द्वारा दी भी जाती है उसे कई ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों में पोर्टल पर ऑपरेटर द्वारा अपडेट समय पर नही किया गया।
8. ए.एन.एम के द्वारा एम.सी.टी.एस. पोर्टल के माध्यम से जेनेरेटेड मदर एवं चाईल्ड आई0डी0 का उपयोग लाभार्थी के एम.सी.पी. कार्ड पर अंकित नही किया जा रहा है।
9. यद्‌यपि अधिकांश इकाइयों में BSNL Broadband एवं Vodafne/Airtel/Idia etc based Internet connection उपलब्ध है, signal एवं bandwidth की समस्या अभी बनी हुई है, साथ ही विघुत की उपलब्धता अत्यंत कम है, इन कारणों से कम्प्यूटर पर कार्य करने का समय प्रभावित होता है!
10. साथ ही उपयोगकर्ताओ में Internet security anti-virus एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर के सम्बन्ध में और जानकारी की आवश्यकता महसूस की गयी ताकि उपलब्ध संसाधनों का सुचारु एवं सुरक्षित रुप से उपयोग हो सके।
11. रिपोट किये गए प्रारुप में कई बार रिक्त स्थान पाए जाते है, यह स्थिति संदेह उत्पन्न करती है क्योकि रिक्तस्थान का अर्थ शून्य, सेवाओं की अनुपलब्धता या लागू नहीं में से कुछ भी लगाया जा सकता है।
12. कई बार एक ही रिपोर्ट एक से अधिक रुपों या माध्यमों में प्रदान की जाती है जैसे फोटोकॉपी, पेपर या फिर फोन के द्वारा। इससे डाटा की विश्वसनीयता तो प्रभावित होती है साथ ही भविष्य में मिलान करने हेतु कोई उपयुक्त आधार भी नहीं मिल पाता।
13. हालॉकि ए.एन.एम सेवा प्रदाता है, किये गए कार्य को उपयुक्त स्थान पर लिखने/नोट करने में उसको अभी भी कुछ अनिश्चितता बनी रहती है, अतः उनके द्वारा दी गयी सूचना का अवलोकन एवं प्रत्येक पेज पर ए.एन.एम. एवं ए.आर.ओ द्वारा हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है।
14. ब्लाक इकाई पर एम.सी.टी.एस पर कार्य करने यथा डाटा एंट्री, रिपार्ट, कार्ययोजना इत्यादि की जानकारी एवं जिम्मेदारी BPM एवं BAM को भी साझा करने की आवश्यकता है।

प्रशिक्षण में एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर रिपोर्ट निकालने का ऑनलाईन अभ्यास कराया गया।

समीक्षा के उपरान्त समस्त प्रतिभागियो को सायं 4.15 बजे से ऑनलाइन अभ्यास हेतु कम्प्यूटर–लैब में ले गये जहॉ प्रत्येक प्रतिभागी को एम.सी.टी.एस. पोर्टल की लाईव रिपार्टस को निकालने का अवसर प्रदान किया गया। प्रशिक्षक द्वारा स्टेप बाई स्टेप एल0सी0डी0 प्रोजक्टर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल को खोलने के बारे में अभ्यास कराया गया। पोर्टल पर निम्न रिपोर्टस को निकालने का अभ्यास प्रतिभागियों द्वारा किया गया।

Login to MCTS Portal Reporting section http://nrhm-mcts.nic.in		
Report	**Section**	**Report Location on MCTS Portal.**
Month wise registration	**Scheduled Reports**	**R. District-wise Month-wise Data Entry**

Login to MCTS Portal Reporting section http://nrhm-mcts.nic.in		
Report	**Section**	**Report Location on MCTS Portal.**
Month wise registration	Scheduled Reports	R. District-wise Month-wise Data Entry
Dashboard Of Mother & Child and Service Graph of both (It gives complete status)	Dashboard	D. Mother Factsheet , I.Child Factsheet ,B. Mother Service Detail
	Scheduled Reports	H. State and District Dashboard (D. Mother Factsheet & E. Child Factsheet)
Due Services Count	Scheduled Reports	T. Facility Wise Workplan and Service Given Note: For Mother, & Children < 1 yr & Children > 1 yr
High Risk, Complication & Low weight count, High Risk Mother(Detail) and Low Weight Children(Detail)	Scheduled Reports	S. Facility wise Mother & Child Count
	Reports	P. Facility wise Tracking of High Risk Pregnant Women
	Reports	R. Facility wise Tracking of Low Weight Children
Not Reporting Facilities	Scheduled Reports	L. District wise facilities Not Entering Data Note: This report can also use for ***master data mapping up to village***
Not Reporting	Reports	U. Facility wise Not Reporting with In-charge Detail
Blocks performance In Last 30 days	Scheduled Reports	J. District wise Daily Data Entry/Cast-wise Count
USSD Status	USSD	G. District Wise USSD Status & D. State wise USSD Registered
State Wise Performance	Scheduled Reports	A. State wise Mother & Child Count
Workplan (Due List)	Workplan	H. Facility wise Work Plan (Note: For Mother and For Child)

प्रत्येक प्रतिभागी को एम0सी0टी0एस0 से संबंधित प्रस्तुतिकरण हार्डकॉपी में डैशबोर्ड एवं साफ्ट कॉपी में संबंधित प्रतिभागियों के जनपदों के ऑकडे सी0डी0 में दिये गये। मण्डलीय शोध अधिकारी, मण्डलीय परियोजना प्रबंधक एवं मण्डलीय लेखा प्रबंधकों को पूरे मण्डल से संबंधित डैशबोर्ड जनपदवार एवं सी0डी0 प्रदान की गई।

टेक्निकल सपोर्ट यूनिट उत्तर प्रदेश के द्वारा एच.एम.आई.एस. की गुणवत्ता में सुधारात्मक कार्य के लिए निम्नानुसार विषयों पर सत्र लिया गया।

1. **सुक्षेमा एच.एम.आई.एस. एनालिसिस सॉफ्टवेयर** : टी.एस.यू. टीम द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से सुक्षेमा सॉफ्टवेयर के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। टी.एस.यू. टीम द्वारा सॉफ्टवेयर एवं उसकी समस्त सहायक फाइल तथा प्रजेंटेशन भी प्रतिभागियों को शेयर किया गया।

2. **HMIS डाटा वेलिडेशन टूल** : एच.एम.आई.एस. डाटा की गुणवत्ता के लिए डाटा को फैसिलिटीवार मासिक आधार पर validate किया जाना आवश्यक है, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित वेलिडेशन रूल एवं अन्य रूल जिनको नियमित आधार पर चेक किया जाना आवश्यक है एवं टी.एस.यू. टीम ने इनको केटेगरी वाइज लिस्ट किया है एवं इनके परीक्षण के लिए टूल भी तैयार किया है। उक्त वेलिडेशन रूल एवं टूल पर समस्त प्रतिभागियों को टी.एस.यू. टीम द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा प्रतिभागियों द्वारा उठाये गये कई प्रश्नों का प्रत्युत्तर दिया गया। टी.एस.यू. टीम द्वारा वेलिडेशन टूल एवं उसकी समस्त सहायक फाइल तथा प्रजेंटेशन भी प्रतिभागियों को शेयर किया गया।

3. सत्र के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतिदिन निम्न बिन्दुओं पर स्वयं समीक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया।
   1. ब्लाकवार गर्भवती माता एवं बच्चों को पंजीकरण की स्थिति।
   2. जनपद की प्रत्येक ब्लाक इकाई पर गर्भवती माताओं एवं बच्चों के पंजीकरण की फीडिंग की स्थिति।
   3. एम0सी0टी0एस0 रजिस्टर के प्रत्येक बिन्दु पर डाटा फीडिंग की स्थिति।
   4. प्रत्येक माह इकाईवार वर्कप्लान को निकालने एवं वर्कप्लान अनुसार कार्य की प्रगति की स्थिति पर समीक्षा।

तृतीय दिवसः सर्वप्रथम प्रथम दिवस एवं द्वितीय दिवस में प्रशिक्षण सत्रों का रि–कैप कराया गया। ततपश्चात टेक्निकल सपोर्ट यूनिट उत्तर प्रदेश के द्वारा एम.सी.टी.एस. की गुणवत्ता में सुधारात्मक कार्य के लिए निम्नानुसार विषयों पर सत्र लिया गया :–

सुक्षेमा एच.एम.आई.एस. एनालिसिस सॉफ्टवेयर : टी.एस.यू. टीम द्वारा प्रजेंटेशन एवं handholding के माध्यम से सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर इसके समस्त प्रयोगों का उपयोग किया गया। टी.एस.यू. टीम द्वारा सॉफ्टवेयर एवं उसकी समस्त सहायक फाइल तथा प्रजेंटेशन भी प्रतिभागियों को शेयर किया गया तथा handholding सत्र में प्रतिभागियों द्वारा एच.एम.आई.एस. पोर्टल से डाटा को डाउनलोड करके सॉफ्टवेयर के माध्यम से इम्पोर्ट करके मास्टर फाइल को तैयार किया गया एवं उनके द्वारा ब्लॉकवार डाटा analysis का प्रजेंटेशन भी तैयार किया गया।

HMIS डाटा वेलिडेशन टूल : टी.एस.यू. टीम ने डाटा वेलिडेशन रूल को केटेगरी वाइज लिस्ट किया है एवं इनके परीक्षण के लिए टूल भी तैयार किया है। उक्त वेलिडेशन रूल एवं टूल पर समस्त प्रतिभागियों को टी. एस.यू. टीम द्वारा प्रजेंटेशन के माण्यम से प्रदर्शित करके प्रशिक्षित किया गया एवं प्रतिभागियों के द्वारा handholding सत्र के दौरान उक्त टूल पर कार्य करके अपने–अपने जनपद का facility wise वेलिडेशन गैप भी तैयार किया गया। टी.एस.यू. टीम द्वारा वेलिडेशन टूल एवं उसकी समस्त सहायक फाइल तथा प्रजेंटेशन भी प्रतिभागियों को शेयर किया गया।

HMIS Supportive Supervision Checklist: HMIS/MCTS को क्रियान्वित करने में आने वाली अधोसंरचना, मानव संसाधन, स्रोत रजिस्टर, मुद्रित प्रपत्रों एवं डाटा एलिमेंट ज्ञान सम्बंधित कमियों को चिन्हित करके सुधार करने के लिए टी.एस.यू. टीम द्वारा HMIS Supportive Supervision Checklist: HMIS/MCTS तैयार की गई है जिस पर समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया एवं उनके द्वारा अनुश्रवण भ्रमण के दौरान इसके प्रयोग हेतु निर्देशित भी किया गया। इस चेकलिस्ट के माध्यम से HMIS डाटा का ऑडिट भी भ्रमण के दौरान किया जायेगा।

तत्पश्चात भविष्य में जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा एवं ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। अन्त में सिफ्सा के श्री कौशल सिंह बिष्ट द्वारा प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर प्रशिक्षण समाप्त किया गया।